Penaeid prawns (Fig. 2f): Penaeid pawns were landed more in mechanized trawlers with peak during January, April, June and October-December. In motorized gill netters, catch rates were negligible.

In general, it may by seen that peak landings were brought during the 4th quarter (October-December) followed by 1st quarter (January-March) which may be attributed to the increased zooplankton production during these months which in turn are influenced by the prominent north-east monsoon and the resultant fresh water influx bringing high nutrient load into the coastal waters.

आइ एस एस एन 0254-380 X

No. 193
सितंबर, 2007

समुद्री मात्स्यिकी सूचना सेवा

तकनीकी एवं विस्तार अंकावली

केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान
(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद)
डाक संख्या 1603, कोचीन 682 018
www.cmfri.org.in

समुद्री मात्स्यिकी सूचना सेवा

अंक सं. 193 सितंबर, 2007

संकेत चिह्न - *स.मा.सू.से., त व वि.*

प्रकाशक

डॉ. एन.जी.के. पिल्लै
निदेशक, सी एम एफ आर आइ, कोचीन

संपादक

डॉ. राणी मेरी जोर्ज

डॉ. के.एस. शोभना **डॉ. के. विनोद**
एन. वेणुगोपाल **वी. एड्विन जोसफ**

अनुवाद

पी.जे. शीला **ई. शशिकला**

अंतर्वस्तु

शीर्षक	पृष्ठ
सौराष्ट्र तट पर डोल प्रचालकों द्वारा शिंगटी मात्स्यिकी	1
नील तरण कर्कट *पोर्ट्नस पेलाजिकस* को बढाने में सूत्रित गुटिका खाद्य का प्रभाव	4
मुंबई के जलक्षेत्रों में सूत्रपख ब्रीम किशोरों की मौसमिक प्रचुरता	5
ज्वार नदमुखीय पालन में उदग्र एवं क्षैतिज रूप में लटकायी गयी शंबु रस्सियों में बढती और उत्पादन	7
समुद्री ककडियों के प्रभव में संवृद्धि - मान्नार की खाडी में *होलोथूरिया स्काब्रा* के प्राकृतिक प्रभव के अवक्षय के लिए समाधान	7
उडीसा की समुद्री मात्स्यिकी संपदाएं - एक सिंहावलोकन	10

समुद्री मात्स्यिकी सूचना सेवाः समुद्री मात्स्यिकी पर आधारित अनुसंधान परिणामों को आयोजकों, मत्स्य उद्योगों और मत्स्य पालकों के बीच प्रसार करना और तकनोलजी को प्रयोगशाला से श्रमशाला तक हस्तांतरित करना इस तकनीकी और विस्तार अंकावली का लक्ष्य है।

प्रचालन तारीख - मार्च 2008



एरियस सीलेटस

समुद्री मात्स्यिकी
सूचना सेवा

सौराष्ट्र तट पर डोल प्रचालकों द्वारा शिंगटी मात्स्यिकी

के.वी.एस. नायर, रेखा देवी चक्रबोर्ती, वाई.डी. सावरिया, जे.पी. पोलारा, एच.के. दोकिया और बी.पी. तुम्बर

सी एम एफ आर आइ का वेरावल क्षेत्रीय केंद्र, वेरावल

गुजरात में डोल जालों का प्रचालन प्रमुखतः तीन केंद्रों में, यानी दक्षिण गुजरात में अंबरगॉन से कावी, सौराष्ट्र तट पर सियालबेल्ट से दियु तक और कच की खाडी के क्षेत्र में टक्कारा से मोद्वा तक होता है। इन में प्रमुख है सौराष्ट्र और यहाँ के प्रमुख मछली अवतरण केंद्र हैं जाफराबाद, राजबारा, नावाबुन्दर और गोखला। इन में प्रथम तीन 250 डोल जाल प्रचालकों के साथ ज्यादा प्रमुख हैं। डोल जाल पकड के प्रमुख संघटक हैं *हारपोडोन नेहेरियस, प्रोटोनिबिया डयाकान्थस,* पेनिआइड झींगे, नॉन-पेनिआइड झींगे, *पाम्पस आरजेन्टस, ट्राइक्यूरस* जाति करैंजिड्स और शिंगटियाँ। डोल जाल पकडों में बम्बिल प्रमुख अंशदाता होता है। लेकिन हाल में शिंगटियों का यह भी अभी तक केवल अप्रमुख उपपकड रही *आरियस डसुमिरी* का भारी अवतरण देखा गया। इसलिए नावाबुन्दर के अवतरणों को प्रमुखता देकर, इन अवतरण केंद्रों में 1994 से 2003 तक हुए *ए. डसुमिरी* अवतरणों पर एक अध्ययन चलाने का प्रयास किया गया।

इस अध्ययन के बुनियाद के रूप में नावाबुन्दर, राजपारा और जाफराबाद के डोल जाल प्रचालकों की पकड और प्रयास पर संग्रहित डाटा का उपयोग किया गया। *ए. डसुमिरी* के आकार वितरण पर डाटा केवल नावाबुन्दर से संग्रहित किया गया था। लंबाई आवृत्ति अध्ययन के लिए प्रोथ से पूछ पखाग्र तक की कुल लंबाई ली गयी और आगे के विश्लेषण के लिए इस डाटा को 10 से मी के अंतराल में वर्गीकृत किया गया। लंबाई-भार संबंध FiSAT (विन्डोस वेरशन) के उपयोग करके परिकलित किया गया।

पोत, संभार और प्रचालन क्षेत्र

डोल जाल, गहराई में स्थापित स्टील के दो खम्भों में स्थिर रूप से लगाया गया बैग जाल है। सामान्य तौर पर प्रत्येक नाव 2-5 जाल ले जाता है और प्रति खींच 5 घंटों की अवधि में 1-10 खींच करती है। ज्वारीय मत्स्यन पूर्णमासी के दिन विभिन्न गहराइयों में किया जाता है। वर्ष में दो बार मत्स्यन की गहराई बदल देती है।

जाफराबाद 270-285 डोल जाल एककों के प्रचालन के साथ एक प्रमुख अवतरण केंद्र है। इनमें 140 चार जाल प्रचालक, 95 तीन जाल प्रचालक और शेष दो जाल प्रचालक है, जो 10-50 मी की गहराई में दक्षिण पूर्व और दक्षिण दिशा में प्रचालन करते हैं। अप्रैल-मई और अक्तूबर-दिसंबर के दौरान ज्यादा अवतरण देखा गया।

राजपारा से लगभग 230 डोल जालों का प्रचालन होता है, जिनमें 120, चार जाल प्रचालक, 60 तीन जाल प्रचालक और शेष दो जाल प्रचालक है, जो 10-50 मी की गहराई में दक्षिणपूर्व और दक्षिण दिशा में प्रचालन करते हैं। अप्रैल से मई तक और सितंबर से दिसंबर तक मात्स्यिकी का श्रृंगकाल था।

नावाबुन्दर द्वितीय प्रमुख डोल जाल अवतरण केंद्र है, जहाँ से 250 डोल जाल प्रचालकों और 40-50 गिल जाल प्रचालकों का प्रचालन होता है। इस केंद्र में 30-40 मी की गहराई में दक्षिणपूर्व और दक्षिण दिशा में प्रचालित डोल और गिल जालों में शिंगटियों का अवतरण होता है। प्रचालित डोल और गिल जालों में शिंगटियों का अवतरण होता है।

शिंगटी अवतरणों की सामान्य प्रवणता

नावाबुन्दर में वर्ष 1994-2003 के दौरान प्रति एकक 55 कि ग्रा की पकड दर पर 27736 एककों के प्रयास के लिए औसत वार्षिक शिंगटी अवतरण 1478 टन आकलित किया गया था। अवतरणों ने वर्ष 1994 में प्रति एकक 10 कि ग्रा की दर पर 271 टन से वर्ष 2002 में प्रति एकक 162 कि ग्रा की दर पर 3906 टन में तेज़ वृद्धि दिखायी। प्रति एकक पकड वर्ष 1994 के 17.7 कि ग्रा से बढकर वर्ष 2003 में 125 कि ग्रा हो गयी। खींच की बारी के आधार पर वर्ष 1994 की पकड दर वर्ष 2002 में 13.27 होकर बढ गयी, जो वर्ष 2003 में घटकर 7.93 बन गयी। इस केंद्र से प्रचालित एककों की

सारणी - 1 डोल जाल केंद्रों में *आरियस* जाति की आकलित पकड (टन) और पकड/एकक (कि ग्रा)

वर्ष	नावाबुन्दर		राजपारा		जाफराबाद		कुल	
	पकड	पकड/ एकक	पकड	पकड/ एकक	पकड	पकड/ एकक	पकड	पकड/ एकक
1994	271	10.55	0.144	4.96	0.173	6.64	272	17.7
1995	742	24.84	0.455	14.30	0.256	9.60	743	42.3
1996	277	10.39	0.156	4.96	0.223	9.62	277	18.6
1997	1648	46.82	0.278	8.24	0.907	31.94	1649	65.7
1998	547	18.57	0.480	16.17	0.412	17.75	548	40.7
1999	1110	36.76	0.661	22.57	0.508	22.78	1111	66.9
2000	1662	63.18	0.666	20.70	0.557	23.58	1663	91.7
2001	2166	77.00	0.563	22.00	0.538	23.00	2168	106.7
2002	3907	162.00	0.665	27.47	0.923	48.20	3908	205.5
2003	2455	99.90	0.609	20.01	0.408	18.18	2456	125.9
औसत पकड	1479	55.00	0.467	16.14	0.490	21.13	1480	78.18

कुल संख्या में भी वृद्धि दिखायी पडी जो वर्ष 1994 के 24,996 एककों से बढकर वर्ष 1997 में 33058 एकक हो गया था। वर्ष 2003 में यह छोटी सी कमी दिखाकर 24580 हो गयी थी। यद्यपि असली मत्स्यन प्रयास ने खींच की बारी के आधार पर वर्ष 1994 के 127561 खींच से 143% की बढती दर्शायी। कुल डोल जाल अवतरणों में शिंगटियों का योगदान वर्ष 1994 के 1.7% से बढकर वर्ष 2002 में 16.0% से अधिक हो गया था।

राजपारा का शिंगटी अवतरण 29709 एककों द्वारा प्रति एकक 16 कि ग्रा की पकड दर में 467 टन आकलित किया गया था (सारणी-1)। वार्षिक उत्पादन में कभी कभी उतार - चढाव देखे जाने पर भी, इसमें बढती की प्रवणता दिखायी पडी, जो वर्ष 1994 में 144 टन से वर्ष 1999 में 661 टन होकर बढ गयी थी। प्रति एकक प्रयास पकड ने भी वर्ष 1999 में 4.96 कि ग्रा/ एकक से 22.57 कि ग्रा/ एकक में बढकर समान प्रवणता दर्शायी। प्रति खींच पकड दर 1.9 कि ग्रा और 2.5 कि ग्रा थी। डोल जाल पकड में शिंगटी की प्रतिशतता 1994 के 0.52 से 2002 में 3.25 में बढ गयी।

जाफराबाद में 1994-2003 की अवधि में प्रति एकक 21 कि ग्रा की पकड दर पर 23880 एककों के प्रयास के लिए औसत वार्षिक शिंगटी पकड 490 टन थी। अवतरण वर्ष 1994 के 172 टन से वर्ष 1997 में 907 टन में वृद्धि पाकर वर्ष 2003 में 408 टन के साथ घटती दर्ज की। लेकिन अधिकतम उत्पादन वर्ष 2002 में रिकार्ड किया गया था। वार्षिक उतार - चढाव होने पर भी पकड दर ने वर्ष 1994 के प्रति एकक 6.64 कि ग्रा से बढकर वर्ष 1997 में प्रति एकक 31.94 कि ग्रा होते हुए वृद्धि की प्रवणता सूचित की। प्रति खींच पकड दर भी संबंधित वर्षों में 1.09 कि ग्रा से 3.49 कि ग्रा में विविध थी।

डोल जाल प्रचालकों में कुल औसत वार्षिक शिंगटी उत्पादन 2436 आकलित किया गया जो राज्य के कुल शिंगटी अवतरणों का 13.53% था। उत्पादन वर्ष 1994 के 839 से वर्ष 2002 में 6490 टन होकर बढ गया था। गुजरात का कुल शिंगटी अवतरण 10,942 टन से 22908 टन में बढ गया।

उत्पादन में मौसमिक प्रवणता

परीक्षण की अवधि में नावाबुन्दर में शिंगटियों का अधिकतम अवतरण अक्तूबर-दिसंबर के मानसूनोत्तर महीनों (चित्र-1) में देखा गया था। वर्ष 2000 और 2002 को छोडकर अधिकतर वर्षों में, विशेषत: वर्ष 1998 से लेकर जनवरी-मार्च के दौरान मात्स्यिकी बहुत कम थी। यद्यपि वर्ष 1997 में नावाबुन्दर (1046 ट) और जाफराबाद (221 ट) में उच्चतम शिंगटी अवतरण रिकार्ड की गयी थीं। मानसून के कारण जून-अगस्त के दोरान डोल जाल प्रचालनों को सीमित किया गया था और इस दौरान पकड भी बहुत कम थी।

जाति मिश्रण

गुजरात के शिंगटी अवतरणों में *ऑरियस डसुमिरी* की प्रमुखता (48%) के साथ *ए. टेनीस्पिनिस* (17%), *ए. सीलेटस* (13%), *आस्टियोजेनिओसस मिलिटारिस* (9%) और *ए. थालास्सिनस* (12%) (चित्र-2) शामिल थी।

आकार वितरण

नावाबुन्दर में *ए. डसुमिरी* का आकार वितरण 50-59 से मी आकार की मछलियों की अधिकता के साथ 40 और 79 से मी रैंच देखा गया।

लंबाई - भार संबंध

ए. डसुमिरी का लंबाई - भार संबंध चरघातांकी सूत्र $W=aL^b$,



चित्र - 1 1994-2003 के दौरान *अरियस* जाति की आकलित माहवार पकड



चित्र - 2. *एरियस* जाति का जाति मिश्रण और प्रतिशतता

जहाँ W= भार कि ग्रा में L= लंबाई से मी में और a,b नियतांक थे। निम्नलिखित रिग्रेशन इक्वेशन इस जाति के लंबाई-भार संबंध का प्रतिनिधित्व करता है।

$$\log W = -3.95 + 2.59 \log L$$

जब, $r = 0.81$ ($P = 0.05$), $R^2 = 0.65$

सभी डोल जाल प्रचालकों में नवंबर या दिसंबर में उच्चतम अवतरणों के साथ शिंगटियों का अधिकतम उत्पादन अक्तूबर-दिसंबर के मानसूनोत्तर महीनों में देखा गया। ऐसा माना जा सकता है कि मानसून और मानसूनोत्तर अवधियों में शिंगटियाँ अशन/अंडजनन के लिए तट की ओर प्रवास करती है और डोल जाल प्रचालकों में पकडी जाती है।

नावाबुन्दर, राजपारा और जाफराबाद में शिंगटियों का विदोहन सौराष्ट्र तट पर खम्बाट खाडी मुँह के निकट यंत्रीकृत डोल प्रचालकों द्वारा और कभी कभी गिल जाल प्रचालकों द्वारा किया जाता है। अधिकतर समुद्री शिंगटियों के अभिलक्षणिक पुनरुत्पादन, झुंडन और प्रवास उनको अतिविदोहन का पात्र बना देता है। दक्षिण पश्चिम और दक्षिणपूर्व तटों पर स्थित विभिन्न केंद्रों में आनाय जाल द्वारा किए गए *टी. थालास्सिनिस* और *टी. टेनीस्पिनिस* अवतरणों में 70-80% किशोर/उप-वयस्क (7-20 से मी) थे। इसी प्रकार कर्नाटक तट में कोषसंपाशों द्वारा *टी. टेनीस्पिनिस, टी. डसुमिरी* और *टी. सेराटस* के अंडवाहक नर/अंडजनक मादा की भारी मात्रा में मृत्यु हुई थी। इनके परिणामस्वरूप दक्षिणी राज्यों की मात्स्यिकी में भारी कमी आ गयी। उत्तरी भाग (उत्तर पूर्व और उत्तर पश्चिम) पृथक रहने के कारण प्रजनक प्रभवों की अधिकमात्रा में विदोहन नहीं हुआ इसलिए मात्स्यिकी पनपती रही, इसके अतिरिक्त दक्षिण पश्चिम और उत्तर पूर्व मानसून के दौरान के परिक्रमण पैटर्न यह स्पष्ट दिखाता है कि दक्षिण पश्चिम मानसून के दौरान मानसून प्रवाह 17^0N के नीचे बहुत शक्त होता है और उत्तर परिसीमित उत्तर पूर्व मानसून में यह अशक्त होकर उसी पैटेर्न में तट

से दूर जाता है। गुजरात और महाराष्ट्र के समुद्री मात्स्यिकी सेक्टर में आनायक प्रमुख योगदाता होने पर भी, इस क्षेत्र में खम्बाट जैसा कई क्षेत्र है, जहाँ आनायन व्यवहार्य नहीं है। इसलिए डोल जाल मत्स्यन क्षेत्र की शिंगटी संपदा के प्रजनक प्रभव अधिक वाणिज्यिक विदोहन के लिए पात्र नहीं बन जाती। अतः शिंगटी मात्स्यिकी अभी तक बढती की दिशा में है। यद्यपि इस परिकल्पना को साबित करने के लिए प्रवासी जातियों के टैगिंग, पुनःप्राप्ति, ड्रिफ्ट बोटिल आदि के ज़रिए और भी परीक्षण आवश्यक है।

नील तरण कर्कट *पोर्टूनस पेलाजिकस* को बढाने में सूत्रित गुटिका खाद्य का प्रभाव

मार्ग्रेट ए.एम.आर., कन्तसामी डी., किष़कूडन जो के., गांधी ए.डी. और लेस्ली वी.ए.
सी एम एफ आर आइ का मद्रास अनुसंधान केंद्र, चेन्नई

नील तरण कर्कट *पोर्टूनस पेलाजिकस* के बीजोत्पादन की विधियाँ मंडपम क्षेत्रीय केंद्र में विकसित की गयी है और इनको बढाने की प्रौद्योगियों का विकास किया जा रहा है। इन कर्कटों के पालन में पायी गयी प्रमुख कठिनाइयाँ है स्वजातिभक्षिता और नियंत्रित अवस्था में इनकी बढती तेज़ करने के लिए एक समुचित खाद्य की कमी। सी एम एफ आर आइ के मद्रास अनुसंधान केंद्र के अधीन कार्यरत कोवलम क्षेत्र प्रयोगशाला में, वहाँ उपलब्ध संघटकों के प्रयोग करके एक मिश्रित खाद्य तैयार करके तरण कर्कटों के पालन संबंधी परीक्षणात्मक अध्ययनों में प्रयोग करके देखा।

खाद्य मिश्रण और गुण

खाद्य के प्रमुख संघटक है जंतु प्रोटिन चूर्ण-30% (चिंगट चूर्ण - 15%, चिंगट सिर चूर्ण - 15%, सारडीन चूर्ण - 20% और मुल्लन, तुम्बिल चपटी मछलियाँ, कम मूल्य के कर्कट आदि का मिश्र - 50%), वनस्पति स्रोत - सोया चूर्ण-40% और गेहूं ग्लूटेन 20%, लिपिड्स, खनिज और विटमिन - 6% और संयोजक 4%।

खाद्य तैयार करने की रीति

सभी संघटकों को अच्छी तरह पीसकर और छानन करके एक मिक्सर के ज़रिए ठीक प्रकार मिलाया गया। गेहूं ग्लूटेन को एक पेस्ट बनाकर इसके साथ जोड दिया गया। इस मिश्रण को फिर से ज़ोर से मिलाकर कुछ देर के लिए कम ताप में तपित किया गया और तुरंत ही हस्तचालित गुटिकायक (पेलेटाइज़र) से दबा करके बाहर निकाल दिया गया। इसे 4.0 से मी लंबा और 2 मि मी व्यास के गुटिकाओं में एक समान काटकर एयर ऑवन में 60^0 तक सुखाया गया और वायुरोधी पोलिथीन थैली में संभरित किया गया। भूरा कर्बुरित पत्ते पीत रंग के खाद्य का गंध भी सक्त था। इन गुटिकाओं की विलीन दर बहुत अच्छी थी और संयोजन परीक्षणों ने यह व्यक्त किया कि पालन प्रणालियों में डालने पर 20 मिनट तक अविलयित होकर पडते है।

पालन प्रणाली

कर्कटों को तरलित अधःस्तर और पुनःसंचरण निस्यंदन प्रणाली के साथ एक समकोणीय सिमेन्ट टैंक में संभरित किया गया जिसमें जल का स्तर 0.7 मी और निस्यंदन संस्तर की ऊँचाई 0.25 मी थी। संस्तर निस्यंदक कवचों, चार्कोल, समुद्र तटीय बालू और नाइलॉन स्क्रीनों के परतों से सज्जित था। निस्यंदक संस्तर के ऊपरितल में छिपे रहने के लिए कई स्थान थे (काले नाइलॉन जाल स्क्रीन नीचे के भाग में टुबकों और अग्र भाग में प्लवों के साथ) और कर्कटों को दिन के समय बिल बना के रहने के लिए 2" गहराई में समुद्र तटीय बालू का प्रबन्ध किया गया। अधःस्तर के ऊपर जल स्तंभ 75 से मी बनाया रखा था और टैंक एसबेटोस से आच्छादित शेड में रखा था। शेड के छत और टैंक के बीच के अंतराल को अंधेरा बनाने के लिए धुंधला एफ आर पी चादरों से ओढ दिया गया। रोज़ 20-30% की दर पर जल का विनिमयन किया गया और हफ्ते में एक बार 70% जल का प्रतिस्थापन किया गया।

जल की गुणता

क्रियाविधियों के अनुसार श्रेणीकृत और बालू निस्यंदित समुद्र जल एक टैंक में रखकर आवश्यानुसार उपयोग किया गया। पालन के दौरान जल के ये प्राचलें बनाये रखे थे: 36 ± 1 पी पी टी, तापमान 27-29^0C; पी एच 8-8.2; विलीन ऑक्सिजन 4-5 मि ग्रा/ली; अमोणिया <0.1 पी पी एम, नाइट्राइट <0.01 पी पी एम। शुष्क नींबु, ज़ियोलाइट और सोडियम कारबोनेट के प्रयोग करके पी एच का अनुरक्षण किया।

संभरण ब्योरा

प्रति वर्ग मीटर 6 कर्कटों की दर में पचहत्तर कर्कटों को संभरित किया गया। संभरण के समय कुल जीवभार 0.828 कि ग्रा था। लिंग अनुपात 30 नरः 45 माद था। नर एवं मादाओं की लंबाई नीचे दी जाती है।

	सी एल रैंच (मि मी)	सी डब्लियु रैंच (मि मी)	भार रैंच (ग्रा)
नर	15-34	36-67.5	5.3-23.9
मादाएं	18-31	35-72	3.8-19.6

कर्कटों को 60 दिनों तक पालन किया गया।

अशन और व्यवस्थाएं

अशन केवल शाम के समय (1700-1900 घंटे) किया गया था। संभरित लगभग 850 ग्रा कर्कटों को जीवभार के 3% की दर पर गुटिका खाद्य खिलाया गया और कर्कटों की बढती के अनुसार खाद्य की मात्रा भी धीरे धीरे बढा दी गयी। प्रत्येक पक्ष में स्कूप जाल द्वारा संग्रहण करके जीवभार का आकलन किया गया। परीक्षण के दौरान रोज का खाद्य 25-85 ग्रा के रैंच में था। कुल पालन अवधि में कर्कटों द्वारा उपयोगित खाद्य 3.27 कि ग्रा था। स्वजातिभक्षिता के बावजूद प्राप्त भार 1.77 कि ग्रा रिकार्ड किया गया था। गुटिकाओं का दृष्ट एफ सी आर 1:9:1 (1 कि ग्रा कर्कट उत्पादन के लिए 1.9 कि ग्रा खाद्य) आता है।

संग्रहण

परीक्षण पूरा होने पर कुल 45 (60%) कर्कट (26 नर और 19 मादाएं) अच्छी बढती दर के साथ प्राप्त हुए। परीक्षण के प्रारंभ में स्वजातिभक्षिता के कारण केवल चार मृत्यु हुई थी। पालन के दौरान रोग या दबाव से मृत्यु नहीं रिकार्ड की गयी थी। संग्रहण के समय आकार इस प्रकार था।

	सी एल रैंच (मि मी)	सी डब्लियु रैंच (मि मी)	भार रैंच (ग्रा)
नर	41-55	79-110	25-82
मादाएं	41-53	84-110	36-73

नर कर्कटों में अतिजीवितता दर अधिक थी जो मृदु कवच और नरम करजपद निर्मोचन के समय मादा कर्कटों की सुभेद्यता के साथ इस बात को स्पष्ट करती है। इसलिए उच्चतम अतिजीवितता के लिए तालाब में संभरण के लिए लिंग अनुपात 1:1 रखना उचित है। प्रतिदिन रिकार्ड की गयी प्राय 0.4 मि मी की सी एल बढती दर, खाद्य के रूप में सी पी, झींगे और अंडे देकर पहले किए गए परीक्षणों (जोस्लीन, 2005) से तुलनीय था। संशोधित अधःस्तर क्रियाविधियों से स्वजातिभक्षिता कम किए जाए तो पालन में और भी वृद्धि प्राप्त की जा सकती है।

मुंबई के जलक्षेत्रों में सूत्रपख ब्रीम किशोरों की मौसमिक प्रचुरता

बी.बी. चवान, सुजित सुन्दरम, परमीता बैनर्जी, सवंत और सुशान्त माने

सी एम एफ आर आइ का मुंबई अनुसंधान केंद्र, मुंबई

मुंबई स्थित न्यू फेरी वार्फ में 2007 मार्च के दौरान प्रचालित चिंगट अनायकों में सूत्रपख ब्रीम के किशोरों की भारी पकड देखी गयी। मुंबई के दक्षिण पश्चिम दिशा में लगभग 60-80 मी की गहराई में सात दिनों के लिए मत्स्यन चलाया था।

दिनांक 3-3-07 को न्यू फेरी वार्फ से कुल पखमीन पकड के 30% होकर *नेमिप्टेरस* जाति के लगभग 1,680 कि ग्रा किशोरों का अवतरण हुआ था। प्रमुख जाति *नेमिप्टेरस मीसोप्रियोन* के 180 नमूनों के मापन करने पर 70-79 के मोड में 40-79 मि मी की मछलियाँ देखी गयी। जो 40-54 मि मी की छोटी मछलियों को (प्लेट - 1) जिसको कुट्टा कहलाता है ट्राश मछली के रूप में बेच दिया गया और 79 मि मी तक के बडे नमूनों को (प्लेट - 2) प्रति कि ग्रा 3-4 रुपए में अवतरण केंद्र में ही नीलाम कर दिया गया। *नेमिप्टेरस मीसोप्रियोन* (68.0%) के साथ पकडी गयी अन्य जातियाँ थी *नेमिप्टेरस जापोनिकस* (31.5%) और *नेमिट्टीरम डेलागे* (0.5%)

दिनांक 20.3.07 को भी किशोरों के इस प्रकार का भारी अवतरण देखा गया (प्लेट - 3)। 2380 कि ग्रा. तक की यह पकड



चित्र 1. न्यू फेरी वार्फ में मार्च 2007 के दौरान अवतरण किये गये *नेमिप्टीरस मीसोप्रियोन* किशोरों की लंबाई बारबारता

79 मि मी तक की छोटी मछलियाँ



न्यू फेरी वार्फ में सूत्रपख ब्रीम का ढेर

सूत्रपख ब्रीम के एक दिन की पकड के 70% थी। *एन. मीसोप्रियोन* के 157 नमूनों के मापन लेने पर 110-119 मि मी के मोड में आकार रैंच 110-119 मि मी (चित्र - 1) था। प्रति कि ग्रा 8/- रु पर

40-54 मि मी आकार की किशोर मछलियाँ



चित्र 2. मुंबई में 2004-2006 के दौरान सूत्रपख ब्रीम की माहिक पकड

अवतरण केंद्र में ही पकड का नीलाम कर दिया गया। *एन. मीसोप्रियोन* (61.0%) प्रमुख जाति थी और अन्य थी *एन. जापोनीकस* (37.5%) और *एन. डेलागे* (1.5%)।

सूत्रपख ब्रीम की कुल आकलित माहिक पकड मार्च 07 में 186.3 टन थी। प्रौढ सहित सारी पकड को 'सुरुमी' नामक उत्पाद बनाने के लिए रत्नगिरी ले गयी जो उच्च निर्यात माँग की होती है।

तीन वर्षों से ज्यादा, वर्ष 2004-2006 तक सूत्रपख ब्रीमों की मौसमिक प्रचुरता से व्यक्त हुआ कि सितंबर-अक्तूबर (चित्र - 2) की एक छोटी सी बढती के साथ अधिकतम पकड मार्च-अप्रैल के दौरान थी। यद्यपि किशोरों का इस प्रकार विदोहन अतिमत्स्यन में परिणत हो जाएगा।

ज्वार नदमुखीय पालन में उदग्र एवं क्षैतिज रूप में लटकायी गयी शंबु रस्सियों में बढती और उत्पादन

पी. लक्ष्मीलता

सी एम एफ आर आइ का कालिकट अनुसंधान केंद्र, कालिकट

उदग्र और क्षैतिज रूप में लटकायी गयी शंबु रस्सियों में बढती और उत्पादन की तुलना करने के लिए कोषिकोड में चालियार ज्वारनदमुखों, करुवनतिरुत्ति में एक परीक्षण चलाया गया था। 2005 जनवरी में लगभग 13.5 मी उदग्र और 24 मी क्षैतिज रास्सियाँ लगा दी गयी। लंबाइ और भार का माहिक अनुवीक्षण किया गया। 106 दिनों के बाद 25-5-05 को शंबुओं का संग्रहण किया गया। उदग्र रूप में लगायी गयी की रस्सीयों से 249 कि ग्रा और क्षैतिज रूप में लटकायी गयी रस्सियों से 339 कि ग्रा होकर कवच-सहित कुल संग्रहण 587.7 कि ग्रा था। उदग्र एवं क्षैतिज रूप में लटकायी गयी रस्सियों में प्रति मीटर उत्पादन 18.4 क्रमशः और 14.1 कि ग्रा था। प्रति मीटर औसत उत्पादन, प्रति कि ग्रा 38 शंबुओं की दर में 15.7 कि ग्रा था। कुल भार में 34% मांस था।



चित्र 1. उदग्र और क्षैतिज रूप में शंबुओं की बढतीः करुवनतुरुत्ति, चालियार ज्वारन्दमुख 2005

फार्म की जलराशिकी स्थितियाँ इस प्रकार थीः लवणता 28 में 35 पी पी टी, पी एच 7.3 से 7.5, पारदर्शिता 40 से 130 से मी और विलीन ऑक्सिजन 2.2 से 4.6 मि ली/ली।

उदग्र रूप में लटकायी गयी रस्सियों की तुलना में क्षैतिज रूप में लटकायी गयी रस्सियों में बढती और उत्पादन (चित्र - 1) कुछ उच्च था। यद्यपि सांख्यिकीय विश्लेषण ने बढती और उत्पादन में के बीच कहनेयोग्य विभिन्नता नहीं दिखायी। फिर भी उपर्युक्त अध्ययन से यह व्यक्त है कि बडे पैमाने की वाणिज्यिक उत्पादन प्रणाली में ज्वानदमुखों में क्षैतिज संवर्धन प्रणाली उच्च उत्पादन और आर्थिकता की दृष्टि में लाभदायक है।

समुद्री ककडियों के प्रभव में संवृद्धि - मान्नार की खाडी में *होलोथूरिया स्काब्रा* के प्राकृतिक प्रभव के अवक्षय के लिए समाधान

आशा पी.एस., एम. राजगोपालन और के. दिवाकर

सी एम एफ आर आइ का टूटिकोरिन अनुसंधान केंद्र, टूटिकोरिन

इन्डो पसफिक क्षेत्र के कई देशों के समान भारत के दक्षिण पूर्व तट में मान्नार की खाडी और पाक खाडी के आसपास के गरीब मछुआरों के लिए समुद्री ककडियाँ आय कमाने का उत्कृष्ट स्रोत है। इन से बनाये जानेवाले उत्पादों को (स्टिकोपोडिडे और होलोथूरिडे कुल), जिसको बेश-द-मेर कहते है, उच्च प्रोटिन मूल्य युवत खाद्य के रूप में (ट्रपांग और हाय - सम) दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में उच्च निर्यात मूल्य है। हाल में चलाए गए अनुसंधानों में इसके औषधीय शक्यता भी व्यक्त हुई कि इनमें समृद्ध रूप में कोन्ड्रोटिन सलफेट और ग्लूकोसामिने और आन्टि इन्फलमेटरी और आन्टी ट्यूमर एवं कवकनाशी गुणों के साथ अन्य जैव सक्रिय वस्तुओं का भी खजाना है। समुद्री ककडी से लिए रस से निर्मित कई वाणिज्यिक उत्पाद भी आज बाज़ारों में उपलब्ध है।

अन्तर राष्ट्रीय बाज़ारों की उच्च माँग की पूर्ति के लिए अपर्याप्त मात्स्यिकी प्रबन्धन रीतियों से संसाधन देशों में वाणिज्यिक प्रमुख समुद्री

ककडियों का अतिविदोहन इनकी जीवसंख्या में कमी लायी गयी है। खतरे में पडे जंतु-पादप समूहों के अन्तर्राष्ट्रीय विपणन के सभा ने (CITES) समुद्री ककडियों को खतरे में पडे जंतुओं की सूची में शामिल करने के लिए सिफारिश किया और कारण बताया सीमित गतिशीलता, लैंगिक प्रौढता प्राप्त करने में विलम्ब, सघनता पर आश्रित पुनरुत्पादन, मात्स्यिकी में प्रवेश की निम्न दर और संग्रहण की सुगम्यता जो अतिविदोहन और संपदा अवक्षय में परिणत हो जाता है। एफ ए ओ द्वारा वर्ष 2003 के दौरान "समुद्री ककडी के जलकृषि और प्रबन्धन में प्रगतियाँ" नामक कार्यशाला ने समुद्री ककडी मात्स्यिकी बनाए रखने में होने वाली चुनौतियों पर ज़ोर दिया। आज समुद्री ककडियों के प्रभव की पुनःपूर्ति के एक ही मार्ग के रूप में स्फुटनशाला में उत्पादित किशोरों को प्राकृतिक आवास में छोड देने की प्रवृत्ति दुनिया भर प्रगति पा रही है।

भारतीय बेश-द-मेर उद्योग 1000 से अधिक वर्षों पहले चीन द्वारा भारत में प्रस्तुत की गयी एक पेशा है जो प्रमुखतः *होलोथूरिया स्काब्रा*, *एच. स्पाइनिफेरा* और कुछ हद तक *बोहाडस्किया मरमोराटा* पर आश्रित है। ये जातियाँ लक्षद्वीप, आन्डमान और निकोबार द्वीप समूहों में वितरित होने पर भी इनका संसाधन यहाँ प्रतिबंधित है। अन्य देशों के समान भारत में भी वाणिज्यिक समुद्री ककडियों का अतिविदोहन किया जाता है। भारत में संसाधित बेश-द-मेर के लिए कम निर्यात माँग और प्रति एकक प्रयास पर पकड कम होने की दृष्टि में पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार ने समुद्री ककडियों को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के अधीन संसूचित करके 2001 जुलाइ से इस क्षेत्र में इसकी मात्स्यिकी और निर्यात पर रोक लगा दिया जो मान्नार की खाडी और पाक खाडी के चारों ओर रहनेवाले हज़ारों मछुआरों की आजीविका पर गंभीर आघात था और इससे विदेशी मुद्रा भी कम हो गयी।

समुद्री ककडी जातियों में सबसे मूल्यवान जाति है 'रेत मछली' जाननेवाली *होलोथूरिया स्काब्रा* जो इन्डो-पसफिक क्षेत्र में प्रचुर मात्रा में वितरित है। अन्तर्राष्ट्रीय बाज़ार में इससे निर्मित 'ए' ग्रेड बेश-द-मेर उच्च मूल्य पाता है। स्फूटनशालाओं में *एच. स्काब्रा* किशोरों का अधिक मात्रा में उत्पादन ने इसको प्रभव संवृद्धि कार्यक्रम के लिए समुचित जाति स्थापित की। मान्नार की खाडी में इस जाति के संरक्षण रण नीतियाँ विकसित करने के लिए संस्थान ने एक पाँच वर्षीय (2002-2007) परियोजना का आयोजन किया। इस परियोजना के अधीन सी एम एफ आर आइ के टूटिकोरिन अनुसंधान केंद्र में समान कार्य के लिए उपयुक्त स्फुटनशाला प्रौद्योगिकियों के परिष्करण के लिए कई परीक्षण चलाए गये (सारणी-1)। इसके अनुसार स्फुटनशाला

सरणी - 1. *एच. स्काब्रा* के डिम्भकीय और किशोर पालन में किए गए परीक्षण

अंडजनन	प्रेरणा प्रौद्योगिकी	उत्पादित *ऑरिकुलेरिया* डिम्भक	% बसाव	समुद्र रैंचन किए गए किशोरों की संख्या और माध्य आकार	कठिनाइयाँ
फरवरी '02	खाद्य	7,00,000	10%	10000 किशोर (3mm)	–
मार्च '03	खाद्य	4,00,000	0.5%	145 किशोर (40mm)	–
अप्रैल '04	कई एजेंट्स	अंडजनन नहीं हुआ	–	–	अंडरिक्तों की संख्या
नवंबर '04	लवणता	3,21,600	8%	1190 (25mm)	–
मई '05	खाद्य	50,000	5%	–	पक्ष्याभमय ग्रसन
दिसंबर '05	अंडे लगना	4,40,000	5%	–	किशोरों में रोग
मार्च-मई 06	कई एजेंट्स	अंडजनन नहीं हुआ	–	–	अंडशावकों में चर्म रोग
नवंबर '06	ऊष्मायित और शीत आघात (±5°C)	800,000	–	–	अलवण जल प्रवेश से लवणता में घटती

प्रौद्योगिकी के विभिन्न चरणों में प्राप्त प्रगति संक्षिप्त रूप में नीचे प्रस्तुत किया जाता है।

ब्रूड सटाक संग्रहण और प्रबन्धन

मान्नार खाडी क्षेत्र में समुद्री ककडी का मत्स्यन प्रमुखतः आनायन और स्किन डाइविंग से किया जाता है। निकटस्थ क्षेत्रों में आनायन के लिए तल्लुमाडी जैसे अयंत्रीकृत देशी पोतों का प्रयोग किया जात है। स्थानीय मछुए डाइविंग करके मत्स्यन करते है जो अत्यधिक मौसमिक और अदल-बदल प्रकृति के समुद्र जल की स्वच्छता पर आश्रित होता है।

आनायकों द्वारा संग्रहित जातियाँ आनायन दबाव पडने के कारण कम गुणता की होती है। तल्लुमाडी से प्राप्त नमूने अच्छे होने पर भी संक्रामक चर्म रोग फूट पडने के से अधिकतर नमूने मर जाते हैं। लेकिन स्किन डाइविंग से प्राप्त नमूने गुणता और जीवंतता की दृष्टि में ब्रूड स्टॉक विकास के लिए उत्कृष्ट होते है और पूर्णतः स्वस्थ होने के कारण स्फुटशाला प्रचालनों के लिए सर्वोत्तम है।

ब्रूड स्टॉक को प्रजनन मौसम के पहले संग्रहित किया जाना है। प्रजनन प्रेरणा यानी प्रमुख अंडजनन मौसम (मार्च-मई) और गौण श्रृंगकाल (अक्तूबर-दिसंबर) के दौरान किया जाना है। चलाए गए विभिन्न परीक्षणों ने यह व्यक्त किया कि गैण श्रृंगकाल में उत्तर पूर्व मानसून मौसम के दौरान अलवण जल के प्रवेश हो जाने कारण प्रभावी ब्रूड स्टॉक प्रबन्धन, और डिम्भकों एवं किशोरों के पालन के लिए संतुलित लवणता बनायी रखना अनिवार्य है।

स्किन डाइविंग से प्राप्त अंडशावक प्रभवों को हैचरी में दो हफ्तों तक रोज 50% पालन जल बदलके 0.5 ग्रा 500 L^{-1} सरगासम चूर्ण खिलाकर स्फुटनशाला अनुकूल बनाया जाना है।

प्रेरित अंडजनन

अंडशावकों को कई प्रौद्योगिकियों के ज़रिए अंडजनन के लिए प्रेरित किया जाता है। चावल भूस, सरगासम जाति और सोयाबीन चूर्ण (2:1:0.5) का मिश्रित खाद्य 50-100 ग्रा 500 L^{-1} पर बहुत ही प्रभावी देखी गयी है। तीन बार यह सुखाये गए खाद्य से सफल प्रजनन प्राप्त हुआ (सारणी-1 और चित्र-1 क और ख)। एक बार लवणता मं एकाएक हुए उतार-चढाव ने प्रभावी अंडजनन के लिए प्रेरित किया। एक अतरंगक्षेपित मादा से लटके अंडे भी एक अवसर पर सफल प्रचनन के लिए कारण बन गया। *एच. स्काब्रा* में ऊष्मीय आघात की तुलना में शीत आघात के बद ऊष्मीय आघात (±5°C) अधिक प्रभावी देखा जाता है। बाह्य रूप से *एच. स्काब्रा* का लिंग निर्णय करना आसान नहीं है। इसलिए अनुकूलतम लंबाई और जीवभार (20-30 से भी और 300-500 ग्रा) के 30-40 नमूनों को संग्रहित करना अच्छा होगा। अंडशावक प्रभवों को संभरित करने का अनुकूलतम सघनता $500L^{-1}$ के लिए 15 देखी गयी है।

डिम्भक पालन

उच्च बीज सघनता निषेचन को विपरीत रूप से प्रभावित करते हुए देखा गया। विभिन्न परीक्षणों से प्राप्त परिणामों ने सूचित किया कि इष्टतम अंडोत्पादन और डिम्भक पालन के लिए समुचित संभरण सघनता अंडों के लिए 0.5 मि ली$^{-1}$, डिम्भक पालन के लिए। मि ली$^{-1}$ और लवणता रैंच 33-35 पी पी टी है। निषेचित अंडे और डिम्भकों को रोगाणुरहित और निस्यंदित समुद्र जल में धीमी वातन के साथ पालन करना चाहिए। सफल डिम्भक पालन के लिए उचित खाद्य सांद्रता एक महत्वपूर्ण घटक है। डिम्भकों के स्वास्थ्य के आधार पर अशन की रीति निर्धारित करना है। प्राथमिक ऑरिकुलेरिया को 2×10^4 कोश मि ली$^{-1}$ पर खाद्य देना है जिसको मध्य अवस्था में 3×10^4 कोश मि ली$^{-1}$ में बढाकर इसके आगे की अवस्था में 4×10 कोश मि ली$^{-1}$ में देना चाहिए। *आइसोक्राइसिस गालबाना* खाद्य से अच्छी डिम्भकीय अतिजीवितता देखी जाने पर भी उच्च बढती दर *कीटोसिरोस कालसिट्रान्स* देने पर देखा गया। इसलिए ऑरिकुलेरिया डिंभकों के लिए इन दोनों का मिश्रित (1:1) को आदर्श खाद्य के रूप में सिफारिश किया जाता है। अंतिम अवस्था में लिपिड गोला की उपस्थिति डिम्भकीय शक्यता का एक सूचक है। डिम्भकीय वृद्धी दर के आवधिक मूल्यांकन द्वारा अशन-विधान समायोजित किया जाता है ताकि ऑरिकुला डिम्भकें में 80-90% तक की अतिजीवितता दर प्राप्त कर किया जा सके। डोलियोरिया डिम्भक के लिए अशन सिफारिशित नहीं है। इनको 200% जल विनिमयन के साथ 2 मिली$^{-1}$ एक प्रवाहीय प्रणाली में पालन करना है। परीक्षणों ने व्यक्त किया कि अभी अभी बाहर आये डोलियोरिया की बसाव दर दो-तीन दिनों के डोलियोरिया की तुलना में अधिक होती है।

बसाव

रोज़ 500 ली$^{-1}$ में 0.5 ग्रा की सांद्रता में एलगे चूर्ण "एलगाम्क" जोडके डोलियोरिया को बसाव के लिए प्रेरित किया जाता है। यह जोड डोलियोरिया के बसाव के लिए प्रेरक होने के साथ साथ नए बसे पेन्टाकुले के लिए अच्छा खाद्य भी है। परीक्षणों से व्यक्त हुआ कि ताज़े अवस्था में जोडे जानेवाला 'एलगामक' कायांतरण और बसाव के लिए

अच्छा है। नए नए बसे पेन्टाकुले को खाद्य के रूप 'एलगामक' का प्रयोग, इसकी सांद्रता धीरे धीरे 0.5 ग्रा से 1 ग्रा 500^{-1} में बढा करके एक महीने तक दिया जा सकता है। पेन्टाकुले की संभरण सघनता आवधिक रूप में कम करने से बढती दर में प्रगति देखी गयी।

किशोर पालन

एक महीने आयु के किशोरों को एक महीने के लिए सरगासम निचोड (<40 μm) (10 ली 500 ली$^{-1}$) दिया जाता है। परीक्षणों ने व्यक्त किया कि बलूई संस्तर में पालन किए गए >20 मि मी किशोरों ने खुले टैंकों में वही खाद्य उपयुक्त करके किए गए किशोरों की तुलना में उच्च बढती दर दर्ज की। 20 मि मी की लंबाई प्राप्त करने पर किशोरों को सरगामम चूर्ण और सूक्ष्म रेत मिश्रण 1: 2 के अनुपात में शरीर भार के 1% पर खिलाया (प्रारंभ में <80; <200 μm दिन बढने अनुसार) उपर्युक्त खाद्य के साथ अलगामक भी 2% के स्तार पर जोड दिया गया था। >20 मि मी के किशोरों के पालन के लिए चूर्ण सूक्ष्म बालू के साथ *सरगासम* या सूक्ष्म प्रवाल अचित होता है (चित्र - 2)। और एक परीक्षण में किशोरों को प्राप्त अधिकतम बढती दर ने 30 पी पी टी की लवणता डिम्भकीय पालन के लिए अनुकूलतम स्थापित किया। रोज़ 50% जल विनिमय के साथ किशोरों की बढती एवं अतिजीविताता दर का मूल्यांकन किया गया। आकार के अनुसार समय समय पर नए टैंकों में स्थानांतरण करके सघनता पर ध्यान देने से किशोरों का सफल पालन निश्चित रूप से किया जा सकता है। संभरण योग्य आकार प्राप्त करने तक किशोरों को स्फुटनशाला में पालन किया जाना है।

प्रभव संवृद्धि

प्रभव संवर्धन के लिए किशोरों को प्राकृतिक आवास में छोड देने का अनुकूलतम आकार 20-30 मि मी है। विभिन्न अंडजनन परीक्षणों के ज़रिए उत्पादित *एच. स्काब्रा* के 23 मि मी माध्य आयाम के 11335 किशोरों को वान द्वीप और टूटिकोरिन पत्तन अतिथिगृह के आसपास समुद्र रैंचन के लिए छोड दिया गया (चित्रः 3 क और ख सारणी - 1)

समापन

स्फुटनशाला में निरंतर अनुसंधान प्रयास *एच. स्काब्रा* के किशोरों के विशाल उत्पादन के लिए स्फूटनशाला प्रौद्योगिकी को परिशोधित किया। आगे मान्नार की खाडी में *एच. स्काब्रा* के वर्तमान प्रभव की स्थिति पर अनुसंधान करना है जो समुद्र रैंचन के मूल्यांकन के लिए अनिवार्य है। स्फुटनशाला में उत्पादित किशोर बलूई मछलियों को अभितटीय आवास में छोडने के प्रभावी मार्ग पर अध्ययन करना है ताकि अवक्षय हुए क्षेत्रों में संभरित करने के लिए अतिजीवित किशोरों को अधिक मात्रा में प्राप्त हो जाए। उसी समय शवय आवास क्षेत्रों में छोड देने के लिए और टैंकों और तालाबों में उत्पादन आंकने के परीक्षण चलाने के लिए समुद्र रैंचन किए गए *एच. स्काब्रा* किशोरों के पुनः संग्रहण और अतिजीविताता मूल्यांकन के लिए बाडाओं का प्रयोग बी परीक्षित करना है।

उडीसा की समुद्री मात्स्यिकी संपदाएं - एक सिंहावलोकन

एस. शिवकामी

सी एम एफ आर आइ, कोचीन

आमुखः

उडीसा राज्य भारत के उत्तर भाग में स्थित है जिसकी तटरेखा 480 कि मी विस्तृत है जो भारत के तट के लगभग 6% तक आता है। उडीसा में 6 समुद्रवर्ती जिलाएं हैः बलसोड़ (60 कि मी), भद्राक (50 कि मी), केन्ड्रापाड़ा (68 कि मी), जगस्टिगपुर (67 कि मी) और गंजम (60 कि मी)। सी एम एफ आर आइ द्वारा किए गए एक आकलन (2007) के अनुसार उडीसा राज्य में 57 समुद्री मछली अवतरण केंद्र, 641 मत्स्यन गाँव और यंत्रीकृत (3577), मोटोरीकृत (4719) और बिन मोटोरीकृत (15444) मत्स्यन पोतों के प्रचालन में लगे लगभग 1.21 लाख सक्रिय मछुए भी है। उडीसा को 25000 कि मी विस्तृत महाद्वीपीय शेल्फ क्षेत्र है जिसका 65% 0-50 मी के गरहाई रैंच में है (डि ओ एफ, 1998 : 61)।

भारत के उत्तर-पूर्व तट पर चलाए गए अन्वेषणात्मक सर्वेक्षण के अनुसार आन्ध्राप्रदेश और पश्चिमबंगाल के बाद तलीय आनाय मात्स्यिकी में उडीसा (लैटिट्यूड 17.75°N से 22.5°N; लोंगिट्यूड 81.5° से 87.6°E) सबसे उत्पादकीय राज्य है। उडीसा की समुद्री

मात्स्यिकी शक्यता पर पहले भी कई अन्वेषणात्मक सवेक्षण चलाए गए है। लेकिन वाणिज्यिक दृष्टि में विदोहित समुद्री मछलियों की वैविद्यता पर अध्ययन विरल ही किया गया है। यह लेख सी एम एफ आर आइ कोचीन के मात्स्यिकी संपदा निर्धारण प्रभाग द्वारा संग्रहित एवं संस्थान की एक परियोजना "उडीसा की समुद्री मात्स्यिकी का मूल्यांकन" द्वारा विश्लेषित डाटा के आधार पर संभार वार और संपदा वार अवतरण को प्रमुखता देते हुए वर्ष 2005-2006 के दौरान उडीसा से प्राप्त हुई समुद्री मात्स्यिकी पकड और प्रवणता पर प्रकाश डालता है।

विदोहन (चित्र - 2)

सामान्य तौर पर उडीसा के समुद्री मछली अवतरण 1975 से 2006 के दौरान 1975 के 16804 टन से वर्ष 2005 के 101500 टन में बढती की ओर था जिनमें वर्ष 1990 (64736 ट), वर्ष 1993 (62281 ट), वर्ष 2000 (84622 ट) और वर्ष 2005 (101500



चित्र-2. वर्ष 1975 से 2006 तक की अवधि में उडीसा के समुद्री मछली अवतरण और अखिल भारतीय समुद्री अवतरणों में इसकी प्रतिशतता

टन) में उच्च अवतरण देखे गए थे। भारत के कुल समुद्री अवतरणों में 2.6 के औसत के साथ उडीसा का अवतरण वर्ष 1975 के 1.18% से वर्ष 2005 में 4.42% में बढ गया।

मात्स्यिकी वर्ष 2005 और 2006: वर्तमान अवतरण के झुकाव पर विश्लेषण करने के लिए वर्ष 2005 और 2006 के दौरान पकड और प्राप्त प्रयुक्त प्रयास आंकडे का विस्तृत अध्ययन किया गया।

प्रयास - वर्ष 2005 और 2006: यंत्रीकृत, मोटोरीकृत और बिनमोटोरीकृत श्रेणी में आनेवाले 19 संभारों का प्रचालन उडीसा से किया गया। उडीसा में वर्ष 2005 और 2006 के दौरान किये गये एकक प्रयास और असली मात्स्यन घंटे सारणी-1 में प्रस्तुत किया गया है।

वर्ष 2005 के दौरान 0.69 लाख यंत्रीकृत एककों (11.62%), 2.80 लाख मोटोरीकृत संभारों (47.43%) और 2.42 लाख बिनमोटोरीकृत एककों (40.95%) को प्रचालित किया था। अतः इस दौरान प्रचालित कुल एकक 5.91 लाख थे।

वर्ष 2006 के दौरान प्रचालित यंत्रीकृत, मोटोरीकृत और बिनमोटोरीकृत संभारों की संख्या क्रमशः 0.56 लाख (10.2%) 2.95 लाख (54%) और 1.98 लाख (36%) होकर कुल 5.49 लाख एकक थी।

असली मत्स्यन घंटों में प्रयास

वर्ष 2005 के दौरान यंत्रीकृत संभारों ने कुल 18.03 लाख घंटे (52%) मत्स्यन के लिए उपयोग किया तो मोटोरीकृत संभारों द्वारा उपयोगित समय 8.96 लाख घंटे (26%) और बिनमोटोरीकृत संभारों द्वारा 8.03 लाख घंटे (23%) थे।

वर्ष 2006 के दौरान यंत्रीकृत संभारों ने 13.98 लाख घंटे (45%) का प्रयास किया तो मोटोरीकृत संभारों द्वारा प्रयास 10.34 लाख घंटे (33.3%) थे। बिनमोटोरीकृत संभारों द्वारा प्रयास 6.71 लाख घंटे (22%) थे। इस प्रकार वर्ष 2005 और 2006 के दौरान मत्स्यन में लगे कुल समय क्रमशः 35 और 31 लाख घंटे थे।

यह देखा जा सकता है कि मत्स्यन के लिए अधिक प्रयास वर्ष 2006 की तुलना में वर्ष 2005 में किया गया है। विभिन्न प्रकार के संभारों में मोटोरीकृत संभारों द्वारा प्रयुक्त एकक प्रयास दोनों वर्षों में अधिक देखा गया, जब कि यंत्रीकृत संभारों द्वारा उपयोगित मत्स्यन घंटे अधिक थे, जिसको शायद यंत्रीकृत एककों के बहुदिवसीय आनायकों के प्रचालन का परिणाम माना जा सकता है।

सारणी-1: वर्ष 2005 & 2006 के दौरान उडीसा में प्रयुक्त मत्स्यन प्रयास (एकक और असली मत्स्यन घंटे लाखों में)

पोत/संभार	प्रयास (एकक)				प्रयास (*अ म घं)			
	2005		2006		2005		2006	
	कुल	%	कुल	%	कुल	%	कुल	%
यंत्रीकृत	0.69	11.62	0.56	10.18	18.03	51.48	13.98	45.05
मोटोरीकृत	2.80	47.43	2.95	53.68	8.96	25.58	10.34	33.33
बिन मोटोरीकृत	2.42	40.95	1.98	36.14	8.03	22.93	6.71	21.61
कुल	5.91		5.49		35.03		31.02	

*असली मत्स्यन घंटे

सारणी-2: उडीसा में वर्ष 2005 और 2006 के दौरान मुख्य संपदाओं का संभार वार अवतरण (ट)

संपदा/संभार	2005					2006				
	यंत्रीकृत	मोटोरीकृत	बिनमोटो-रीकृत	कुल पकड (ट)	%	यंत्रीकृत	मोटोरीकृत	बिनमोटो-रीकृत	कुल क्पकड (ट)	%
वेलापवर्ती मछलियाँ	23498	14566	5727	43791	43	24844	10948	5289	41081	45.86
तलमज्जी मछलियाँ	29795	7633	1322	38750	38	24496	7292	2229	34017	37.97
क्रस्टेशियाई	16257	284	752	17293	17	11939	903	254	13096	14.62
मोलस्क	1173	11	10	1194	1.2	507	3	2	512	0.57
विविध	253	114	105	472	0.5	579	149	152	880	0.98
कुल	70976	22608	7916	101500		62365	19295	7926	89586	
%	69.93	22.27	7.80			68.98	23.91	6.13		

मात्स्यिकी 2005 और 2006:

विभिन्न पोत और संभारों द्वारा वर्ष 2005 और 2006 के दौरान उडीसा में अवतरण की गयी विभिन्न संपदाओं का विवरण सारणी - 2 में दिया गया है।

वर्ष 2005 के दौरान वेलापवर्ती मछलियों द्वारा योगदान 43791 टन (43%) था जब कि तलमज्जियों की उपस्थिति 38750 टन (38%) थी। क्रस्टेशियन संपदाओं का अवतरण 17293 टन (17%), मोलस्क 1194 टन : (1.2%) और अन्य 472 टन (0.47%) के साथ। कुल पकड 101500 टन थी।

वर्ष 2006 के दौरान प्राप्त 89586 टन की कुल पकड वेलापवर्ती मछलियों (41081 ट; 45.86%), तलमज्जी मछलियों (34017 ट; 38%), कस्टेशियाइयों (13096 ट; 14.62%), मोलस्क (512 ट; 0.57%) और अन्य विभिन्न प्रकार की मछलियों (880 ट; 1%) का योगदान था।

वर्ष 2005 के दौरान वेलापवर्ती मछलियों का अधिकतम अवतरण यंत्रीकृत संभारों द्वारा हुआ था। इसके अनुगामी थे मोटोरीकृत (14566 ट) और बिनमोटोरीकृत संभारें (5727 टन)।

तलमज्जी मछलियों का भी अवतरण यंत्रीकृत संभारों में अधिकतम (29795 ट) था। और अनुगामी थे मोटोरीकृत (7633 ट) और बिनमोटोरीकृत संभारे (1322 ट)

क्रस्टेशियाइयों का अवतरण यंत्रीकृत संभारों में अधिकतम (16257 ट) था और बिनमोटोरीकृत (752 ट) और मोटोरीकृत संभार (284 ट) अनुगामी थे।

मोलस्क संपदाओं का भी अधिकतम अवतरण यंत्रीकृत संभारों द्वारा (1173 ट) हुआ था। मोटोरीकृत और बिनमोटोरीकृत संभारों में पकड बहुत कम थी।

वर्ष 2006 की अवधि में भी यंत्रीकृत संभारों में सभी संपदाओं का अवतरण अधिकतम था और मोटोरीकृत और बिनमोटोरीकृत संभारें अनुगामी थे (सारणी - 2)।

सारणी-3: वर्ष 2005 और 2006 के दौरान उडीसा की मुख्य संपदाओं का % मिश्रण

संपदाएं वेलापवर्तियाँ	औसत %	संपदाएं तलमाज्जियाँ	औसत %
अन्य तारलियाँ	9.23	उपास्थिमीन	3.92
हिल्सा शैड	2.41	शिंगटियाँ	16.05
कोइलिया जाति	3.39	सर्पमीन	3.44
सेटिपिन्ना जाति	5.71	तुम्बिल	2.34
स्टोलेफोरस जाती	6.61	पेर्च	3.14
अन्य क्लूपिड्स	13.47	मुल्लन	5.36
बम्बिल	3.12	गोट मछलियाँ	4.66
हाफ बीक्स और			
फुल बीक्स	1.77	क्रोकेर्स	35.06
फीता मीन	19.54	पोम्फ्रेट्स	17.10
करैंजिड्स	20.58	चपटी मछलियाँ	4.22
भारतीय बाँगडा	6.64	अन्य	4.69
सुरमई	5.19		
अन्य	2.37		
क्रस्टोशियाइयाँ		**मोलस्क**	
पेनिआइड झींगे	78.20	शीर्षपाद	100
नॉन पेनिआइड झींगे	11.64		
महाचिंगट	0.31		
कर्कट	9.25		
उदरपाद	0.61		

संपदावार अवतरण

वर्ष 2005 और 2006 के दौरान अवतरण किए गए वेलापवर्ती, तलमज्जी और क्रस्टेशियाई संपदाओं का औसत प्रतिशत मिश्रण सारणी - 3 दिया गया है।

वेलापवर्ती मछलियों में क्लूपिड्स (13.47%), करैंजिड्स (20.58%) और फीता मीन (19.54%) प्रमुख थीं और अन्य थी *स्टोलेफोरस* जातियाँ; (6.6%), *सेटिपिन्ना* जातियाँ (5.71%), भारतीय

बाँगडा (6.64%), सुरमई (5.2%) और अन्य तारालियाँ (9.23%)।

तलमज्जियों के अवतरण में क्रोकेर्स (35%), पोम्फ्रेट्स (17%), शिंगटियाँ (16%), मुल्लन (5.36%), गोट मछलियाँ (4.66%) और चपटी मछलियाँ प्रमुख थीं।

क्रस्टेशियाइयों में पेनिअइड झींगे (78.2%) नॉन-पेनिआइड झींगे (11.64%) और कर्कट (9.25%) प्रमुख थे। मोलस्क के अवतरण में केवल शीर्षपादों का प्रतिनिधित्व देखा गया था।

प्रमुख जातियाँ

वेलापवर्ती मछलियों में लेस्सर सारडीनों का प्रतिनिधित्व प्रमुखतः *सारडिनेल्ला गिब्बोसा*, *एस. फिम्ब्रियाटा* और *एस. ब्राकिसोमा* द्वारा किया गया था। करैंजिडों में उपस्थित प्रमुख जातियाँ थी *मेगालास्पिस कोर्डियाला*, *कैरांक्स इग्नोबिलिस*, *सी. मालबारिकस*, *डेकाप्टीरस रसेल्ली*, *डी. माक्रोसोमा* और *सेलार क्रुमेनोफ्ताल्मस*। अवतरण में देखी गयी प्रमुख फीता मीन जातियाँ थी *ट्राइक्यूरस लेप्ट्यूरस*, *लेप्ट्यूराकान्तस सावला*, *यूप्लूरोग्रामस इन्टरमेडियस* और *ई. म्यूटिकस*।

तलमज्जी वर्ग के शिंगटियों में *टाकिस्यूरस थालास्सिनस*, *टी. टेन्युस्पिनिस* और *टी. जेल्ला* प्रमुख थी, जबकि *ओटोलिथोइड्स बयारिटस*, *प्रोटोनिबिया डयाकान्थस जोनियस करूट्टा*, *ओटोलिथस आर्जेन्टस* और *ओ. रूबर* अवतरण में देखी गयी प्रमुख क्रोकेर्स जातियाँ थीं।

क्रस्टेशियाइयों में पेनिआइड झींगे *पारापेनिओप्सिस स्टाइलिफेरा*, *मेटापेनिअस डोबसोनी*, *एम. मोनोसिरोस*, *एम. अफिनिस*, *सोलेनोसिरा क्रास्सिकोरनिस*, *एस. चोप्राय्* और *एस. इन्डिका*, *एस. हेक्सिटी* और *फेन्नरोपेनिअस इन्डिकस* प्रमुख थी।

मौसमिक प्रचुरता

यंत्रीकृत आनायकों और गिलजाल प्रचालकों में वर्ष 2005 और



चित्र 2 क-च. उडीसा में वर्ष 2005 & 2006 के दौरान यंत्रीकृत और मोटोरीकृत संभारों में प्रमुख समुद्री मछली संपदाओं की मौसमिक प्रचुरता

2006 के दौरान अवतरण की गई विभिन्न संपदाओं की पकड दर चित्र 3 क - च में प्रस्तुत की गयी है।

फीता मीन : (चित्र - 2 क): यंत्रीकृत आनायकों में फीता मीन का अवतरण जनवरी - मार्च और नवंबर - दिसंबर में उच्च था जबकि मोटोरीकृत संभारों में इसका उच्चतम अवतरण दिसंबर और जनवरी के दौरान देखा गया।

करैंजिड्स (चित्र - 2 ख) : इसकी पकड दर यंत्रीकृत संभारों की तुलना में मोटोरीकृत संभारों में अधिक थी और उच्चतम अवतरण मार्च, अगस्त और अक्तूबर - दिसंबर में देखा गया। यंत्रीकृत संभारों में उच्च पकड दर फरवरी, जुलाई और नवंबर/दिसंबर में देखी गयी।

क्रोकेर्स (चित्रः 2 ग) : मार्च और अगस्त से दिसंबर तक के श्रृंगकाल के साथ यंत्रीकृत संभारों ने उच्च पकड दर दर्शायी। मोटोरीकृत संभारों में जनवरी, मार्च जून और अगस्त श्रृंगकाल थे।

शिंगटियाँ (चित्रः 2 घ) : इस वर्ग का अधिकतम अवतरण मोटोरीकृत संभारों द्वारा हुआ था और जनवरी, मार्च, जून, अगस्त, अक्तूबर और दिसंबर श्रृंगकाल थे। लेकिन यंत्रीकृत आनायकों में नवंबर के दौरान पकड दर उच्च थी।

पोम्फ्रेट्स (चित्रः 2 ङ) : मार्च, मई और अक्तूबर में श्रृंगकाल के साथ इसका भी अधिकतम अवतरण मोटोरीकृत संभारों में हुआ था। यंत्रीकृत आनायकों में अगस्त में उच्चतम पकड के साथ पकड दर प्रायः कम थी।

पेनिआइड झींगे (चित्रः 3 च) : जनवरी, अप्रैल, जून और अक्तूबर-दिसंबर में श्रृंगकाल के साथ उच्चतम अवतरण यंत्रीकृत आनायकों में हुआ था। मोटोरीकृत गिल जाल प्रचालकों में पकड दर प्रायः कम थी।

मौसमिक प्रचुरता के अनुसार अधिकतम अवतरण चौथी तिमाही (अक्तूबर - दिसंबर) में और इसके बाद प्रथम तिमाही (जनवरी-मार्च) में हुआ है जो शक्त उत्तर पूर्व मानसून के समय तटीय जलक्षेत्रों में समृद्ध पोषण युक्त अलवण जल के प्रवाह से प्राणिप्लवकों के उत्पादन बढने से हुई प्रतिभास माना जा सकता है।